# BIRLA PUBLIC SCHOOL GANGANAGAR

**(A UNIT OF BIRLA EDUCATION TRUST PILANI)**

**(A *step ahead…)***

CBSE AFFILIATION NO. 1730974

**Session 2026-27**

**Circular**

**Ref. No: BPSG/2026-27/EC0067-A** **दिनांक –6 अगस्त,2026**

**गतिविधि: 'संस्कृत गीतगायन एवं सुभाषित सरिता'**

**प्रिय अभिभावक एवं विद्यार्थियों,**

**अभिवादन!**

आपको यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों के लिए संस्कृत भाषा के प्रति रुचि, मधुर उच्चारण और भारतीय नैतिक मूल्यों के विकास हेतु **'संस्कृत गीतगायन एवं सुभाषित सरिता'** गतिविधि का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

**इस गतिविधि के मुख्य उद्देश्य:**

 **1.** विद्यार्थियों में संस्कृत श्लोकों के माध्यम से **लय, ताल और शुद्ध उच्चारण** कौशल विकसित करना।

 **2.**सुभाषितों के द्वारा विद्यार्थियों में **नैतिक मूल्यों, सद्चरित्र और जीवनोपयोगी संस्कारों** का संचार करना।

**3**.संस्कृत भाषा के प्रति झिझक को दूर कर उनकी **स्मरण शक्ति और मंच प्रस्तुति** के आत्मविश्वास को बढ़ाना।

**4.संस्कृति एवं शास्त्रीय विरासत** के प्रति आत्मीयता का भाव उत्पन्न करना।

**कार्यक्रम का विवरण:**

**स्थान:**संस्कृत कक्षा **दिनांक:**25 अगस्त, 2026 **समय:**संस्कृत कालांश

विद्यार्थियों का मूल्यांकन निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा |

**1.भाषा शैली एवं उच्चारण: शब्दों का स्पष्ट, शुद्ध और व्याकरणसम्मत उच्चारण।**

 **2.अभिव्यक्ति और प्रस्तुति: हाव-भाव, लय, ताल और प्रस्तुति का प्रभाव।**

 **3. विषय का ज्ञान: श्लोक या गीत का अर्थ एवं उसकी सार्थकता की समझ।**

 **4 विचारों की मौलिकता: प्रस्तुति में आत्मविश्वास और सृजनात्मकता।**

कृपया प्रस्तुत करते समय उपर्युक्त मानदंडों का विशेष ध्यान रखें। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपकी उत्साहपूर्ण सहभागिता इस आयोजन को अत्यंत सफल एवं स्मरणीय बनाएगी।

**सादर,**
**बीपीएसजी**